# अंक योजना
# सेकेन्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, जुलाई - 2019
# सामाजिक विज्ञान विषय कोड़ - 087,
# पूरक परीक्षा
# अंक योजना - 32/1/3

<table>
<tr><th>प्रश्न संख्या</th><th>संभावित उत्तर/मूल्य बिन्दु</th><th>पृ. सं.</th><th>अंक योजना</th></tr>
<tr><td>1</td><td>पश्चिमी राजस्थान में प्राप्त पवन ऊर्जा का स्वरूप है - संभावी संसाधन।<br>अथवा<br>गैंसों के संसाधन का स्वरूप -<br>भंडार संसाधन</td><td>भू. 2<br><br><br>भू. 3</td><td>1<br><br><br>1</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मांग जमा सुविधा प्रदान करती है।<br>मांग जमा मुद्रा का महत्वूपर्ण लक्षण प्रदान करती है। / मुद्रा का सुरक्षित स्थानातरण।<br>अथवा<br>आवश्यकताओं का दोहरा संयोग सुगम नहीं -<br>कोई व्यक्ति किसी वस्तु को बेचना चाहता हो उसी वस्तु को कोई दूसरा खरीदना नहीं चाहता है।</td><td>अर्थ. 41<br><br><br>अर्थ. 39</td><td>1<br><br><br>1</td></tr>
<tr><td>3</td><td>जर्मनी के एकीकरण में आटो वान वॉन बिस्मार्क का जनक रूप।<br>आटो वान बिस्मार्क ने प्रशा की सेना और नौकरशाही की मदद से एकीकरण की प्रक्रिया पूरी की।<br>अथवा<br>वियतनाम के प्रान्तों को लपलपाती चिंगारी कहा गया।</td><td>इति.19<br><br><br>इति. 43</td><td>1<br><br><br>1</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ये सबसे गरीब प्रात थे जहां रैडिकल आंदोलनों की लम्बी परंपरा चली आ रही थी। जब भी संकट आता तो सबसे पहले इन्हीं प्रांतों में असन्तोष की ज्वाला भड़कती थी। | | |
| 4 | **'सिंहली' को राजभाषा के रूप में घोषित करने के मुख्य परिणाम:**<br>तमिल भाषा को दर किनार करना / श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी। (किसी एक बिन्दु की व्याख्या अपेक्षित) | रा.शा. 2 | 1 |
| 5 | **मार्टिन लूथर ने कहा था कि ''मुद्रण ईश्वर की दी हुई अंतिम और महानतम देन है।''**<br>छपाई ने नया बौद्धिक महौल बनाया और इसने धर्म-सुधार आंदोलन के नए विचारों के प्रसार में मदद की।<br>**अथवा**<br>**प्रेमचंद ने प्राचीन इतिहास से मोह से परहेज किया।**<br>प्रेमचंद के उपन्यासों में अतीत के महत्व को न भूलते हुए भविष्य की ओर देखने की पहल दिखाई देती है। | इति.160<br><br>इति. 198 | 1<br><br>1 |
| 6 | **जनसाधारण पर वैश्वीकरण के प्रभाव :**<br>उपभोक्ताओं के समक्ष वस्तुओं और सेवाओं के अधिक विकल्प / वस्तुओं और सेवा की कीमत कम। | अर्थ 55 | 1 |
| 7 | **अधिकतम खुदरा मूल्य :**<br>उपभोक्ता विक्रेता से अधिकतम खुदरा मूल्य से कम दाम पर वस्तु देने के लिए मोलभाव कर सकता है। | अर्थ 80 | 1 |
| 8 | **भारत में राजनीतिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण**<br>i. स्थानीय समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही अच्छे ढंग से होता है।<br>ii. लोगों को इस बात की अच्छी जानकारी होती है कि स्थानीय स्तर पर पैसा कहां खर्च किया जाए।<br>iii. इससे लोकतंत्रिक भागीदारी की आदत पड़ती है।<br>iv. लोगों को फैसलों में सीधे भागीदार बनाना भी संभव हो जाता है। | रा.शा. 24 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | v. स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को वास्तविकता प्रदान की जा सकती है।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**1992 में विकेद्रीकरण की दिशा में उठाए गये कदम**<br>i. स्थानीय निकायों के चुनाव नियमित रूप से कराने की बाध्यता।<br>ii. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ी जातियों के लिए सीटों का आरक्षण।<br>iii. कम से कम एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए।<br>iv. स्थानीय चुनाव कराने के लिए हर राज्य में राज्य चुनाव आयोग का गठन किया गया।<br>v. राज्य सरकारों को अपने राजस्व और अधिकारों का कुछ हिस्सा स्थानीय स्वशासी निकायों को देना।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | | 1x3=3 |
| 9 | **सामजिक विभिन्नताएं लोगों को अलग करती हैं ओर मिलाती भी है।**<br>i. कार्लोस और स्मिथ एफ्रो-अमरीकी थे नार्मन स्वेत आस्ट्रेलिया का था।<br>ii. ये तीनों खिलाड़ी थे।<br>iii. इन तीनों ने जातिय भेदभाव (रंगभेद) के प्रति अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान खींचने की कोशिश की।<br>iv. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **रा.शा. 30-31** | 1x3=3 |
| 10 | **पाठक जनता और श्रोता जनता के बीच निकटता**<br>i. बड़ी संख्या में पुस्तकें छापी गई ओर प्राप्त हुई।<br>ii. पुस्ताकों तक पहुंच आसान हुई और कम कीमत पर उपलब्ध हुई।<br>iii. गीत उनको पढ़कर सुनाए जाते थे। किस्से बोलकर पढ़े जाते थे। ज्ञान का मौखिक लेनदेन ही होता था अथवा लोगबाग समूह में ही दास्तान | **इति 159** | 1x3=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सुनते थे।<br>iv. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**भारतीयों ने उपन्यासों का उपयोग ( एक सशक्त माध्यम के रूप में किया )**<br>i. सामाजिक बुराईयों को प्रकट करने के लिए उपन्यास सशक्त माध्यम थे।<br>ii. उपन्यासों ने बुराईयों के उपचार के लिए सुझाव भी सुझाए।<br>iii. उपन्यासों ने भूतकाल के साथ संबंध स्थापित करने में मदद की।<br>iv. उपन्यासों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने में मदद की।<br>v. उपन्यासों ने सामुहिक अपनेपन का भाव पैदा करने में मदद की।<br>vi. भाषा के साझा आधार पर एक अलग किस्म की सामुहिकता पैदा की।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **इति 191** | 1x3=3 |
| **11** | **रबड़ कृषि**<br>i. रबड़ भूमध्यरेखीय क्षेत्र की फसल है।<br>ii. नम और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता।<br>iii. 200 सेमी से अधिक वाषिक वर्षा की आवश्यकता।<br>iv. $25^0$ सेल्सियस तापमान की आवश्यकता।<br>v. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित। | **भू. 26** | 1x3=3 |
| **12** | **वर्षा जल संग्रहण की पारंपरिक विधियां**<br>i. गुल अथवा कुल की व्यवस्था पश्चिमी हिमालय में।<br>ii. राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण।<br>iii. पश्चिमी बंगाल में बाढ़ जल वाहिकाओं का चलन।<br>iv. जैसलमेर में खदीन।<br>v. राजस्थान में जोहड़ों का उपयोग।<br>vi. राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में ‘टॉका’ का उपयोग।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु। | **भू. 32** | 1x3=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**प्राचीन भारत में जलीय कृतियां**<br>i. इलाहबाद के निकट गंगा नदी की बाढ़ के जल को संरक्षित करने के लिए उत्कृष्ठ जल संग्रहण तंत्र बनाया गया था।<br>ii. मौर्य के समय बृहत स्तर पर बांध, झील ओर सिंचाई तत्रों का निर्माण करवाया गया था।<br>iii. गलिंग (ओडिसा), नागार्जुन कोंडा (आन्ध्रप्रेदश), बेन्नूर (कर्नाटक), कोल्हापुर (महाराष्ट्र) आदि में उत्कृष्ट सिंचाई तंत्र होने के सबूत मिलते हैं।<br>iv. भोपाल झील प्राचीन भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील बनाई गई।<br>v. हौज खास (दिल्ली) में तालाब बनवाया गया।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | भू. 26 | 1x3=3 |
| 13 | **फ्रांस में उदारवाद की विचारधारा**<br>i. नये मध्यवर्गों के लिए उदारवाद का अर्थ था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी।<br>ii. राजनीतिक रूप से उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो सहमति ओर सार्वभौमिक मताधिकार से बनी हो।<br>iii. उदारवाद निरंकुश तथा पादरी वर्ग के विशेषाधिकारों की समाप्ति का समर्थक था।<br>iv. संविधान तथा संसदीय प्रतिनिधि सरकार का पक्षधर था।<br>v. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**हनोई का फ्रांसीसी आबादी वाला हिस्सा देशी हिस्से से भिन्न**<br>i. नए आधुनिक शहर का निर्माण करने के लिए वास्तुकला के क्षेत्र में नवीनतम विचारों ओर आधुनिक इंजीनियरिंग निपुणता का इस्तेमाल किया गया जबकि देशी हिस्सों में इस प्रारूप का पूर्णत: अभाव था<br>ii. हनोई के फ्रांसीसी आबादी वाले हिस्से को एक खूबसूरत ओर साफ | इति. 9 | 1x3=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सुथरे शहर के रूप में बनाया गया था। वहां चौड़ी सड़कें और निकासी की उत्तम व्यवस्था थी। देशी बस्ती में ऐसी कोई आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं।<br>iii. आधुनिक शहर में निकासी की समुचित व्यवस्था थी जबकि देशी बस्ती में ऐसी कोई सुविधाएं नहीं थी।<br>iv. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **इति 37** | 1x3=3 |
| 14 | **लोकतंत्र पारदर्शी सरकार के रूप में :-**<br>i. लोकतंत्रिक सरकारों में नियमों का पालन होता है।<br>ii. लोकतंत्रिक सरकारों में यह सुनिश्चित किया जाता है कि फैसले नियम आधारित हो।<br>iii. लोक निर्णय लेने की प्रक्रिया का मूल्यांकन कर सकते हैं।<br>iv. जनमत पर विशेष बल दिया जाता है।<br>v. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **रा.शा. 9** | 1x3=3 |
| 15 | **ऋण किसानों के विकास में सहायक**<br>i. ऋण के द्वारा किसान उत्पादन के कार्यशील खर्चों को समय पर पूरा करता है।<br>ii. ऋण कच्चा माल ओर उपकरण खरीदने में सहायता करता है।<br>iii. ऋण सिंचाई में मदद करता है।<br>iv. ऋण उत्पादन को समय पर पूरा करने में मदद करता है।<br>v. ऋण किसान की कमाई में अभिवृद्धि करता है।<br>vi. ऋण उत्पादन के भण्डारण में मदद करता है।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की परख अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**ऋण और ऋण जाल**<br>i. अनौपचारिक क्षेत्रक से लिया ऋण, कर्जदार को ऋण जाल में फंसा सकता है। | **अर्थ. 43** | 1x3=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii. योजना के अभाव में लिया ऋण परिणामत: ऋण जाल में फंसाता है।<br>iii. कुछ एक परिस्थितियों में लिए ऋण की अदायगी कठिन होती है।<br>iv. उच्च ब्याज दर ऋण जाल में फंसाती है।<br>v. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की परख अपेक्षित। | **अर्थ. 44** | 1x3=3 |
| 16 | **बड़ी-बड़ी कंपनियों दुनियाभर के देशों में उत्पादन पर नियंत्रित करती हैं-**<br>i. बड़ी कंपनियों उत्पादन के विस्तार के लिए स्थानीय कंपनियों को खरीद लेती हैं।<br>ii. बड़ी कंपनियां छोटे उत्पादकों को उत्पादन का आर्डर देकर, अपने उत्पादन का विस्तार करती है।<br>iii. बड़ी कंपनियां उत्पादों को अपने ब्राण्ड के नाम से बेचती है।<br>iv. बड़ी कंपनियां स्थानीय कंपनियों के साथ साझेदारी करती है।<br>v. बड़ी कंपनियों में उत्पादों के मूल्य, गुणवत्ता आपूर्ति और श्रमशक्ति की शर्तों को निर्धारित करने की बड़ी क्षमता होती है।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण**<br>i. परिवहन प्रौद्योगिकी में हुई उन्नति ने लम्बी दूरियों तक वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति को कम लागत पर संभव किया है।<br>ii. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी जैसे कंप्यूटर इण्टरनेट और दूरसंचार विकसित हुए हैं।<br>iii. दूरभाष (मोबाईल एवं फैक्स) का उपयोग एक दूसरे के साथ संवाद करने में प्रयोग किया जाता है।<br>iv. दूरवर्ती क्षेत्रों में भी सूचनाओं को तत्काल प्राप्त किया जा सकता है।<br>v. ये सुविधाएं संचार उपग्रहों द्वारा सुगम हुई हैं।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **अर्थ. 58**<br><br>**अर्थ 62-67** | 1x3=3<br><br>1x3=3 |
| 17 | **मानव विकास सूचकांक के घटक** | **अर्थ. 13** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | i. जीवन प्रत्याशा<br>ii. साक्षरता दर<br>iii. प्रतिव्यक्ति आय<br>इन तीनों सूचकांकों की व्यख्या अपेक्षित। | | 1x3=3 |
| 18 | **उपभोक्ताओं की सक्रिया भागेदारी :-**<br>i. उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय, राज्य तथा स्थानीय स्तर के बड़े पैमाने के आंदोलनों में हिस्सा लेने की आवश्यकता है।<br>ii. उन्हें अपने अधिकारों के प्रति आग्रही होना चाहिए।<br>iii. स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय लोगों की हिस्सेदारी।<br>iv. उपभोक्ताओं को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए।<br>v. उपभोक्ता आंदोलन के लिए उपभोक्ताओं को अपनी भूमिका का अहसास होना चाहिए।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **अर्थ 87** | 1x3=3 |
| 19 | **भारत में चीनी उद्योग की चुनौतियां**<br>i. चीनी उद्योग की मौसमी प्रकृति (अल्पकालिक होना)<br>ii. पुरानी मशीनरी का प्रयोग।<br>iii. उत्पादन की असक्षम विधि।<br>iv. परिवहन असक्षमता से गन्ने का समय पर न पहुंचना।<br>v. खोई का अधिकतम इस्तेमाल करने की आवश्यकता।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **भू. 71** | 1x5=5 |
| 20 | **द्वि-दलीय प्रणाली**<br>लोकतांत्रिक व्यवस्था में जहां आमतौर पर दो मुख्य दलों के बीच ही सत्ता बदलती रही है वहां दूसरी अनेक पार्टियां हो सकती हैं, परन्तु दो दल बहुमत पाने ओर सरकार बनाने के प्रबल दावेदार होते हैं। यह द्वि-दलीय प्रणाली के रूप में जानी जाती है। | | |


| | | | |
|---|---|---|---|
| | **लाभ :-**<br>i. कई अन्य दल चुनाव लड़ते हैं।<br>ii. चुनाव घोषणा पत्रों और कार्यक्रमों की स्पष्टता।<br>iii. राजनीतिक स्थिरता।<br>iv. दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के बेहतर अवसर।<br>v. विभिन्न विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व।<br>किन्हीं दो की व्याख्या अपेक्षित।<br>**हानियां :-**<br>i. मतदाता के लिए सीमित विकल्प।<br>ii. सीमित प्रतिनिधित्व।<br>iii. बहुलवादी समाज के लिए सीमित अवसर।<br>iv. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं दो की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**राजनीतिक दल के कार्य**<br>i. दल चनुव लड़ते है।<br>ii. दल अलग-अलग नीतियों ओर कार्यक्रमों को मतदाओं के सामने रखते हैं।<br>iii. पार्टियां देश के कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है।<br>iv. दल सरकार बनाते और चलाते हैं।<br>v. दल विरोधी पक्ष की भूमिका निभाते हैं।<br>vi. दल जनमत निर्माण करते हैं।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित। | **रा.शा. 77**<br><br>**रा.शा. 74** | 1+2+2 = 5<br><br>1x5=5 |
| 21 | **कार्न ला के निरस्त होने के प्रभाव**<br>i. कार्न ला के निरस्त होने के बाद बहुत कम कीमत पर खाद्य पदार्थो का आयात किया जाने लगा।<br>ii. विशाल भू-भागों पर खेती बंद कर दी गई।<br>iii. गांवों में बेरोजगारी बढ़ी।<br>iv. शहरों के लिए प्रवास बढ़ा। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | v. ब्रिटेन में उपभोग का स्तर बढ़ गया।<br>vi. कई देशों में खेती के लिए जमीन को साफ करना पड़ा और ब्रिटेन की मांग पूर्ति के लिए खाद्य उत्पादन का विस्तार हुआ।<br>vii. किन्हीं संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**भारत में सूती कपड़ा उद्योग में गिरावट के उत्तरदायी कारक**<br>i. आयात कर थोपे गए।<br>ii. ब्रिटिश माल का निर्यात भारत को बढ़ा।<br>iii. मशीनों से बने समान का बुनकर सामना नहीं कर सके।<br>iv. भारत से कच्चे कपास के निर्यात में ब्रिटिश के लिए वृद्धि हुई। इससे कपास के मूल्य में भारी वृद्धि हुई।<br>v. बुनकर क्षेत्र उजड़ने लगे ओर निर्जन हुए।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**उन्नीसवीं सदीं में ब्रिटेन में मनोरंजन के तरीके**<br>i. अमीर ब्रिटेनवासियों के लिए लंदन सीजन पहले से था।<br>ii. सांस्कृतिक आयोजन, आपेरा, रंगमंच और शास्त्रीय संगीत आदि का आयोजन किया जाता था।<br>iii. मेहनतकश अपना समय पब या शराब घरों में बिताते थे।<br>iv. पुस्तकालयों, कला दीर्घाओ और संग्रहालयों की स्थापना की गई।<br>v. संगीत हालों की स्थापना हुई।<br>vi. छुट्‌टी का दिन समुद्र द्वारा लोकप्रिय था।<br>vii. पबों का उपयोग खबरों का आदान-प्रदान करने और राजनीतिक गतिविधियों के लिए गोलबंदी करने में करते थे।<br>viii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **इति 82**<br><br>**इति 116**<br><br>**ठति 130** | 1x3=3<br><br>1x3=3<br><br>1x3=3 |
| **22** | **उत्तर-पूर्वी राज्यों में हवाई यात्रा :**<br>i. लगभग सभी उत्तर पूर्वी राज्यों में विच्छित स्थलाकृति है। | **भू 94** | 1x5=5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii. इसमें घने जंगल है।<br>iii. इन राज्यों में लगातार बाढ़ आती रहती है।<br>iv. इन राज्यों की सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से मिलते हैं।<br>v. परिवहन के दूसरे साधन जैसे सड़क, रेलवे आदि इन राज्यों में पर्याप्त और व्यस्थित नहीं हैं।<br>vi. अधिक किराये के स्थान पर वायु परिवहन से समय की बचत होती है।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | | |
| 23 | **भारतीय राजनीति में जातिवाद :**<br>i. जब पार्टियां चुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम तय करती हैं तो चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं की जातियों का हिसाब ध्यान में रखती हैं।<br>ii. राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार समर्थन हासिल करने के लिए जातिगत भावनाओं को ध्यान में रखती हैं।<br>iii. सार्वभौम वयस्क मताधिकार जाति के लोगों की भावना में नई चेतना लाते हैं।<br>iv. बहुत सारी पार्टियों अपना उम्मीदवार प्रभुत्व वाली जाति से खड़ा करते हैं।<br>v. पार्टियां और उम्मीवार एक से अधिक जाति का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की जांच कीजिए। | **रा.शा. 53** | 1x5=5 |
| 24 | **सविनय अवज्ञा आंदोलन - 1930 शुरू करना**<br>i. साइमन कमीशन की पृष्ठभूमि के खिलाफ तथा लार्ड इरविन का भारत के प्रभुत्व स्तर के लिए गोलमोल से विचार के कारण गांधी जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया।<br>ii. गांधी जी द्वारा रखी गई 11 मांग के प्रति लार्ड डरविन की उपेक्षा ने भी स्थिति पैदा की।<br>iii. नामक कानून का अंग्रेजों के एकाधिकार के विरुद्ध नमक यात्रा अथवा | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दांडी मार्च का आयोजन किया।<br>iv. इस आंदोलन में महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।<br>v. व्यापारियों और कामगारों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।<br>vi. विदेशी कपड़ों का बहिष्कार किया गया।<br>vii. किसानों ने लगान और कर चुकाने से मना कर दिया।<br>viii. वन कानूनों का उल्लंघन किया जाने लगा।<br>ix. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**अथवा**<br>**शहरों में असहयोग आंदोलन**<br>i. असहयोग आंदोलन की शुरूआत शहरी मध्यवर्ग की हिस्सेदारी के साथ हुई।<br>ii. विद्यार्थियों ने स्कूल-कॉलेज छोड़ दिए।<br>iii. हेडमास्टर्स और शिक्षकों ने त्यागपत्र सौंप दिए।<br>iv. वकीलों ने मुकदमें लड़ना बंद कर दिया।<br>v. प्रान्तों में परिषद् चुनावों का बहिष्कार किया गया।<br>vi. विदेशी सामानों का बहिष्कार किया गया।<br>vii. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **इति 62**<br><br>**इति 58** | 1x3=3<br><br>1x5=5 |
| 25 | **स्वामित्व के आधार पर आर्थिक गतिविधि :-**<br>i. सार्वजनिक क्षेत्रक<br>ii. निजी क्षेत्रक<br>**सार्वजनिक क्षेत्रक की विशेषताएं :-**<br>i. अधिकांश परिसंपत्तियों पर सरकार का स्वामित्व होता है।<br>ii. उनका मुख्य उद्देश्य लोगों का कल्याण है।<br>iii. सरकार विभिन्न तरह की सहायता और उचित मूल्य की दुकाने उपलब्ध कराती है।<br>iv. सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर देती है।<br>v. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | किन्हीं दो बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित।<br>**निजी क्षेत्रक की विशेषताएं :-**<br>i. परिसंपत्तियां निजी अथवा समूह के पास।<br>ii. इनका मुख्य उद्देश्य धन अर्जित करना है।<br>iii. ये बाजार की व्यवस्था के अनुरूप कार्य करते हैं।<br>iv. ये अपने उत्पाद एवं सेवाओं का उच्च मूल्य प्राप्त करते हैं।<br>vi. कोई अन्य संदर्भित बिन्दु।<br>किन्हीं दो बिन्दुओं की व्यख्या अपेक्षित। | **अर्थ 31, 32** | 1+2+2 =5 |
| 26 | **क - उत्तर के लिए संलग्न भरा मानचित्र देखें**<br>**ख - उत्तर के लिए संलग्न भरा मानचित्र देखे**<br>(कोई तीन)<br>दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए<br>i. मद्रास (चेन्नई)<br>ii. दांडी<br>iii. झारखंड<br>iv. आन्ध्र प्रदेश<br>v. महाराष्ट्र/गुजरात<br>vi. नोएडा<br>vii. गुजरात<br>कोई पांच बिन्दू। | | 2+3=5<br><br>1x5=5 |



68° 72° 76° 80° 84° 88° 92° 96° 100°
36° 32° 28° 24° 20° 16° 12° 8° 4°
72° 76° 80° 84° 88° 92° 96°
(iv) नोएडा
(iii) अहमदाबाद
b
दांडी
(i) जमशेदपुर
26.A. 1+1=2
26B कोई तीन 1+1+1=3
(ii) विजयवाड़ा
a
मद्रास (चेन्नई)
(v) कोच्चि
km 100 0 100 300 500 km